# छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल, रायपुर

## हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा वर्ष 2008–09

## मॉडल प्रश्न पत्र (Model Question Paper)

कक्षाः– 10 वीं — Class 10th

विषयः– सामान्य हिन्दी — Subject:- General Hindi

समयः– 3 घण्टे — Time:- 3 Hours

पूर्णांकः– 100 — Maximum Marks :- 100

---

निर्देशः–

1. सभी प्रश्न हल कीजिये ।
2. प्रत्येक प्रश्न क सामने निर्धारित अंक दिये गये है ।

प्रश्न 1– हिन्दी में कुल कितने वर्ण हैं ? (2)

प्रश्न 2– निम्न शब्दों के प्रत्येक वर्ण को अलग–अलग करिएः– (2)

1. पर्वत, 2. प्रार्थना

प्रश्न 3– निम्नलिखित शब्दों को शुद्ध करके लिखिये – (2)

1. म्रगनयनी, 2. नमस्कार

प्रश्न 4– विकारी शब्द किसे कहते है ? (2)

प्रश्न 5– वाला और अक्कड़ लगाकर दो–दो शब्द बनाइए । (2)

प्रश्न 6– माता–पिता तथा प्रतिदिन शब्दों का समाज विग्रह कर प्रकार बताइए। (2)

प्रश्न 7– नीचे दिए गए शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखिए – (2)

भ्रमर , सागर

प्रश्न 8– अ तथा अध उपसर्ग लगाकर दो–दो शब्द बनाइए । (2)

प्रश्न 9– दिए गए मुहावरों का अर्थ स्पष्ट करते हुए वाक्यों में प्रयाग कीजिए– (3)

1. आस्तीन का साँप
2. गागर में सागर भरना
3. गले का हार होना ।

प्रश्न 10— श्री कृष्ण तथा सुदामा की मित्रता से क्या शिक्षा मिलती है ? (4)

प्रश्न 11— सच्चे नौकर से दुर्गानाथ का क्या अभिप्राय था ? (4)

प्रश्न 12— आसक प्रभु की सेवा में क्या—क्या लाते हैं ? (5)

प्रश्न 13— घीसा का चरित्र—चित्रण कीजिए । (5)

प्रश्न 14— रीढ़ की हड्डी एकांकी का उद्देश्य क्या है ? समझाइये । (5)

प्रश्न 15— भारतीय इतिहास में छत्तीसगढ़ किन कारणें से प्रसिद्ध है ? (5)

प्रश्न 16— निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ एवं प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए — (5)

प्रेम हिसाब—किताब नहीं है । हिसाब—किताब करने वाले भाड़े पर भी मिल सकते हैं, पर प्रेम करने वाले नहीं ।

अथवा

वर्तमान की कौन—सी अज्ञात प्रेरणा हमारे अतीत को किसी भूली हुई कथा को सम्पूर्ण मार्मिकता के साथ दोहरा जाती है यह ज्ञात होना सहज होता तो मैं भी आज गाँव के उस मलिन, सहमें नन्हें से विद्यार्थी की सहसा याद आ जाने का कारण बता सकती, जो एक छोटी लहर के समान मेरे जीवन तट को अपनी सारी आर्द्रता से छूकर अनन्त जलराशि में विलीन हो गया ।

प्रश्न 17— निम्न पद्यांश में से किसी एक की सप्रसंग व्याख्या कीजिए । (5)

अ. रहिमन चुप ह्बै बैठिए,
देखि दिनन को फेर ।
जब नीके दिन आइ हैं,
बनत न लगि हैं देर ।।

अथवा

ब. धूप—दीप नैवेध नहीं है, झाँकी का श्रृंगार नहीं ।

हाय! गले में पहनाने को, फूलों का भी हार नहीं ।।
कैसे करूं मैं कीर्तन तेरा, स्वर में है माधुर्य नहीं ।
मन के भाव प्रकट करने को, वाणी में चातुर्य नहीं ।।

प्रश्न 18— निम्नलिखित में से किसी एक कवि या लेखक का साहित्यिक परिचय दीजिए—
श्री हरिशंकर परसाई अथवा सुभद्राकुमारी चौहान (6)

प्रश्न 19— ब्रह्मचर्य के प्रेम का वर्णन लेखन ने किन शब्दों में किया है ? (6)

प्रश्न 20— 'नवयुवकों के प्रति' कविता से आपको क्या प्रेरणा मिलती है ? (6)

अथवा

निंदा की महिमा का वर्णन पठित पात के आधार पर कीजिए ।

प्रश्न 21— शुल्क माफ करने हेतु अपने विद्यालय के प्राचार्य को आवेदन पत्र लिखिए । (7)

अथवा

ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर प्रतिबंध लगाने हेतु जिलाध्यक्ष महोदय को एक आवेदन पत्र लिखिए ।

प्रश्न 22— निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर, दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए—

जीवन एक संग्राम है । हमें पग—पग पर संघर्षो का सामना करना पड़ता है । कभी हमें जय, सफलता एवं सुख की प्राप्ति होती है तो कभी पराजय, असफलता एवं दुख का सामना करना पड़ता है । सफल जीवन के लिए मनुष्य को केवल दो साधन प्राप्त हैं । एक है स्वावलम्बन और दूसरा है संचित धन । एक उसकी निजी सम्पत्ति है और दूसरा समाज तथा पूर्वजों द्वारा अर्जित धन चल—अचल सम्पत्ति । इन दोनों में स्वावलम्बन का अधिक महत्व है । कहीं जीवन—निर्माण, उन्नति उत्थन, प्रगति, विजय, सिद्धि का एक मात्र तरीका स्वावलम्बन है । यही हमारा भाग्य विधाता तथा जीवन—निर्माता है ।

(1) इस गद्यांश का उपर्युक्त शीर्षक लिखिए ? (2)

(2) मानव की निजी सम्पत्ति क्या है ? (2)

(3) सफल जीवन के लिए मानव को कौन–कौन से साधन उपलब्ध है ? (2)

(4) उपयुक्त गद्यांश का सारांश लिखिए । (2)

प्रश्न 23– निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 250 शब्दों में सारगर्भित निबंध लिखिए । (10)

(1) जीवन में खेलों का महत्व

(2) हमारे देश की वर्तमान चुनौतियाँ

(3) परहित सरिस धरम नहिं भाई

(4) मेरे जीवन का उद्देश्य

--------X--------